नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

No: 157/NCRES/20 Date : 13.8.2020

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– विश्वव्यापी महामारी के समय पिछले 10 वर्षो से बन्द पड़े ICU वार्ड को खोला जाना व Nonclinical कार्य में लगे डाक्टर की चिकित्सीय कार्य में नियुक्त किया जाना।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि आगरा कैण्ट में स्थित मण्डल चिकित्सालय में 10 बेड के ICU वार्ड का उद्घाटन लगभग 10 वर्ष पूर्व हुआ था परन्तु खेद का विषय है कि डाक्टर एवं स्टाफ की कमी के कारण वह आज तक नही खोला जा सका, जब कि कोविड–19 के वर्तमान परिदृश्य में नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के मण्डल चिकित्सालयों में ICU वार्ड की बहुत अहम उपयोगिता है, इसलिये डाक्टर एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की व्यवस्था कर, बन्द पड़े ICU वार्ड को खोला जाना चाहिये।

इसी के साथ यह भी अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश में कोरोना के बढ़ते केसो को देखते हुये हाल में ही माननीय प्रधानमंत्री के दिशा–निर्देश पर मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश, द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिला चिकित्सालयों में उपलब्ध ICU वार्ड में बेडो की संख्या को दो–गुना करने के आदेश दिये गये है।

NCRES का मानना है कि इस विश्वव्यापी महामारी के समय जो डाक्टर MBBS एवं अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सीय डिग्री प्राप्त करने के बाद, चिकित्सालयों के OPD में चिकित्सीय कार्य करने के बजाय कई सालो से हेडक्वाटर में Nonclinical कार्य कर रहे है, उन्हें आगरा एवं झांसी मण्डल के मण्डल चिकित्सालयो में नियुक्त किया जाना चाहिये, ताकि उनके पूर्व के चिकित्सीय कार्यो के अनुभवो का लाभ गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजो को मिल सके।

अतः NCRES का अनुरोध है कि कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये वर्षो से हेडक्वाटर में Nonclinical कार्य कर रहे डाक्टर को रेल कर्मचारियों के चिकित्सीय सुविधा के लिये आगरा एवं झांसी के मण्डल चिकित्सालय में नियुक्त करने, और आगरा कैण्ट में पिछले 10 वर्षो से बन्द पड़े ICU को खोलने के लिये उचित आदेश करने की कृपा करे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि :– प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज